### पेयजल स्त्रोतों से घरेलू को छोड़कर अन्य प्रयोजनों के लिए उपयोग प्रतिबंधित

# संकट की आहट: कलेक्टर ने जिले को किया पेयजल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

ग्रीष्मकाल मे भूजल स्तर में गिरावट एवं निजी नलकूप खनन में वृद्धि होने के कारण आगामी माह में जिले के समस्त विकासखण्डो में पेयजल संकट की स्थिति उत्पन्न होने की संभावना के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी आशीष तिवारी ने म.प्र. पेयजल परीक्षण अधिनियम 1986 तथा संशोधन अधिनियम 2022 में धारा 3 में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जनहित में जिले के समस्त विकासखण्डों एवं नगरीय क्षेत्रों को 1 अप्रैल से 30 जून तक के लिये पेयजल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित कर दिया है।

कलेक्टर श्री तिवारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार कोई भी व्यक्ति बिना अनुमति के पेयजल अभाव ग्रस्त क्षेत्र में किसी भी शासकीय भूमि पर स्थित पेयजल स्त्रोतों में पेयजल तथा घरेलू प्रयोजनों को छोड़कर अन्य किसी प्रयोजनों के लिए नहरों में प्रवाहित पेयजल के अलावा अन्य स्त्रोतों का दोहन किन्ही भी साधनों द्वारा जल उपयोग नहीं करेगा। जिले के समस्त विकासखण्डों एवं नगरीय क्षेत्रों में समस्त नदी, नालों स्टापडैम, सार्वजनिक कुओं तथा अन्य पेयजल स्त्रोतों का उपयोग एवं घरेलू प्रयोजन हेतु तत्काल प्रभाव से सुरक्षित कर दिया गया है।

#### निजी भूमि पर खनन हेतु लेनी होगी अनुमति, वरना कार्यवाही

जिले के पेयजल अभाव ग्रस्त क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति स्वयं अथवा प्राईवेट ठेकेदार अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जिला कटनी के पूर्व अनुज्ञा प्राप्त किये बिना किसी भी प्रयोजन के लिए नवीन नलकूप का निर्माण नहीं करेगा। यह आदेश शासकीय नलकूप खनन पर लागू नहीं होगा।

निजी भूमि पर खनन कार्य कराने के लिए निर्धारित प्रारूप एवं शुल्क के साथ संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को आवेदन करना होगा। इस कार्य हेतु कलेक्टर श्री तिवारी ने जिले के पेयजल अभाव ग्रस्त क्षेत्र के समस्त अनुविभागीय अधिकारी



(राजस्व) को उनके क्षेत्राधिकार के अंतर्गत सक्षम अधिकारी प्राधिकृत किया है। अनुविभागीय अधिकारी अनुमति देने के पूर्व आवश्यक जांच एवं परीक्षण की कार्यवाही पूर्ण करेंगे तथा अनुमति दिये जाने के सबंध में संबंधित क्षेत्र के सहायक यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से अभिमत एवं अनुशंसा प्राप्त की जायेगी।

#### निजी पेयजल स्त्रोत होगा अधिग्रहण

सार्वजनिक पेयजल स्त्रोत सूख जाने के कारण वैकल्पिक रूप से दूसरा कोई सार्वजनिक पेयजल स्त्रोत उपलब्ध नहीं होने पर जनहित में संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व उस क्षेत्र के निजी पेयजल स्त्रोत को पेयजल परीक्षण संशोधित अधिनियम 2002 के सेक्शन 4 (ए) तथा 4 (बी) के प्रावधानों के अधीन निश्चित अवधि हेतु अधिग्रहण कर सकेंगे।

#### 1 अप्रैल से लागू होगा आदेश

यह आदेश 1 अप्रैल से लागू होगा। आदेश का प्रभावी क्रियान्वयन समस्त अनुविभागीय दण्डाधिकारी, तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस, सभी थाना प्रभारी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के समस्त फील्ड स्तर के अधिकारी और कर्मचारी, मुख्य नगरी निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों, सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों तथा सभी ग्राम पंचायतों के सचिवों द्वारा सुनिश्चित कराया जाएगा। आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध पेयजल परीक्षण अधिनियम 1986 की धारा 9 एवं भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

---

**खबर संक्षेप**



### प्रशासन ने की कार्रवाई, वेयरहाउस किया सील

**कटनी**। तहसील बहोरीबंद के ग्राम पहाड़ी खेड़ा में प्रशासन ने भू-राजस्व नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई करते हुए एक वेयरहाउस को सील कर दिया। जानकारी के अनुसार, रुक्मणी राजपूत पति मुकेश राजपूत द्वारा संचालित वेयरहाउस पर निर्धारित डायवर्सन वसूली राशि का लंबे समय से भुगतान नहीं किया गया था। तहसीलदार आशीष अग्रवाल ने बताया कि राजस्व विभाग द्वारा कई बार नोटिस और चेतावनी दिए जाने के बावजूद भुगतान नहीं होने पर गुरुवार को प्रशासनिक टीम ने मौके पर पहुंचकर वेयरहाउस को सील कर दिया है। इस दौरान स्थानीय राजस्व अमला भी उपस्थित रहा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शासन की भू-राजस्व डायवर्सन वसूली जमा न करने वाले प्रकरणों में इसी प्रकार सख्त कदम उठाए जाएंगे।

### पचमठा धाम में श्रीमद् भागवत गीता का प्रवचन का आयोजन

**विजयराघवगढ़**। पचमठा धाम में नवरात्रि पर्व के अवसर पर राज योगिनी ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी दीदी कटनी के संचालन में श्रीमद् भागवत का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य प्रवचनकर्ता भारती दीदी द्वारा चार दिवसीय श्रीमद् भागवत गीता प्रवचन का कार्यक्रम 24 से 27 मार्च तक आयोजित किया गया है जिसमें सुख शांति के मार्ग को जानने व पहचानने का जीवन को अलौकिक समर्थ बनवाने का नए युग एवं नए विश्व के सृजन का सहज में गीता ज्ञान एवं राजयोग की अनुभूतियों द्वारा परमपिता परमात्मा से सर्व शक्तियां प्राप्त कर अल्प समय में अपने जीवन को सुख शांति मय बनाकर जीवन की दशा व दिशा बदलने में समर्थ हो सकता है। कार्यक्रम के आरंभ में संकट मोचन जगन्नाथ धाम से कलश यात्रा आरंभ होकर बैंड बाजा की धुन भागवत नाम संकीर्तन एवं गगन भेजी जय घोष के साथ कलश यात्रा पचमठा धाम पहुंची जहां वेद मंत्रों के साथ कार्यक्रम आरंभ हुआ वहीं द्वितीय दिवस के गीता प्रवचन में राज योगिनी ब्रह्माकुमारी भारती दीदी द्वारा आध्यात्मिक ज्ञान एवं सहज गीता ज्ञान द्वारा सुख शांति का संदेश दिया गया। इस अवसर पर सैकड़ो श्रद्धालु जनों की उपस्थिति रही।

### बाइक सवार घायल

**कटनी**। पीर बाबा बाईपास ओवरब्रिज पर गत देर रात एक बाइक सवार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर नीचे जा गिर गया जिससे उसे गंभीर चोटे आई है। घायल युवक को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है घायल की पहचान और कारणों की जानकारी जुटाई जा रही है।

---

## अवैध भंडारण पर कार्यवाही, 3 गैस सिलेण्डर किये गये जब्त

**बरही में स्थित होटल गीतांजली में टीम द्वारा की गई कार्यवाही**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा रसोई गैस की कालाबाजारी और जमाखोरी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के दिए निर्देश के पालन में गुरुवार को जिले की बरही तहसील में अवैध एलपीजी गैस सिलेंडरों के भंडारण एवं उपयोग के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा सघन जांच अभियान चलाया गया। तहसीलदार बरही श्री संतोष कुमार श्रीवास्तव एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी यज्ञ दत्त त्रिपाठी के नेतृत्व में टीम ने कमानिया गेट के समीप पुराने बस स्टैंड क्षेत्र स्थित होटलों का निरीक्षण किया।

जांच के दौरान होटल गीतांजली में 5 कमर्शियल गैस सिलेंडर उपयोग में पाए गए। इनमें से केवल 2 सिलेंडरों के वैध दस्तावेज प्रबंधक द्वारा प्रस्तुत किए जा सके, जबकि शेष 3 सिलेंडरों( 19 किलोग्राम भार वर्ग)के संबंध में कोई दस्तावेज या संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। इस पर कार्रवाई करते हुए प्रशासन ने 3 सिलेंडरों को जब्त कर लिया।होटल के संचालक स्वतंत्र ताम्रकार के विरुद्ध द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय एवं वितरण विनियमन) आदेश 2000 के उल्लंघन का प्रकरण निर्मित किया गया।

संतोष होटल में भी कॉमर्शियल सिलेंडरों का उपयोग पाया गया, लेकिन संचालक द्वारा सभी आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किए जाने पर वहां कोई कार्रवाई नहीं की गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि घरेलू या व्यावसायिक गैस सिलेंडरों का अवैध भंडारण एवं उपयोग किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे मामलों में जांच और कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

---

**स्कूल संचालकों को नियमों का पालन करने दिये निर्देश**

## दुकान विशेष से किताबें-यूनिफॉर्म खरीदने का दबाव नहीं बना सकेंगे निजी स्कूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत से पहले ही जिला प्रशासन ने निजी स्कूलों की मनमानी पर सख्त रुख अपनाया है। कलेक्टर आशीष तिवारी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जिले का कोई भी निजी विद्यालय, विद्यार्थियों या अभिभावकों को किताबें, यूनिफॉर्म, स्कूल बैग, जूते या अन्य शैक्षणिक सामग्री किसी एक निर्धारित दुकान से खरीदने के लिए बाध्य नहीं कर सकेंगे।

कलेक्टर श्री तिवारी ने कहा है कि विद्यार्थी और अभिभावक अपनी सुविधा और पसंद के अनुसार खुले बाजार से शैक्षणिक सामग्री खरीदने के लिए पूरी तरह स्वतंत्र हैं। यदि किसी भी विद्यालय या पुस्तक विक्रेता द्वारा दबाव बनाने की शिकायत मिलती है, तो संबंधित के खिलाफ कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर द्वारा बुधवार को माध्यमिक शिक्षा मंडल, सीबीएसई एवं आईसीएसई से संबद्ध सभी निजी स्कूलों के संचालकों और प्रबंधकों को इस संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। निर्देशों में कहा गया है कि मध्य प्रदेश निजी विद्यालय (फीस एवं संबंधित विषयों का विनियमन) अधिनियम-2017 एवं नियम 2020 के तहत किसी भी छात्र या अभिभावक को चयनित विक्रेता से सामग्री खरीदने के लिए बाध्य करना पूर्णतः प्रतिबंधित है।

#### एनसीईआरटी पुस्तकों का उपयोग अनिवार्य

लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल एवं सीबीएसई के निर्देशों के अनुसार कक्षा 1 से 12 तक एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तकों का उपयोग सुनिश्चित किया जाना अनिवार्य किया गया है।

#### स्कूलों में पुस्तकों की सूची एवं शुल्क विवरण करें चस्पा

कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि प्रत्येक कक्षा की पुस्तक सूची एवं शुल्क विवरण स्कूल के सूचना पटल पर प्रदर्शित किया जाए। यूनिफॉर्म और किताबों के लिए कम से कम 5-5 दुकानों के नाम स्पष्ट रूप से अंकित किए जाएं। सामग्री उचित और वाजिब मूल्य पर उपलब्ध कराई जाए। किसी भी प्रकार का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष दबाव पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा।

#### आदेश के उल्लंघन पर होगी सख्त कार्यवाही

कलेक्टर श्री तिवारी ने निर्देशित किया है कि यदि नियमों का उल्लंघन पाया गया, तो संबंधित विद्यालय प्रबंधन या विक्रेता के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा इस व्यवस्था की लगातार निगरानी की जाएगी, ताकि अभिभावकों को अनावश्यक आर्थिक बोझ से राहत मिल सके।

---

### पुस्तक मेले के आयोजन को लेकर जिपं सीईओ ने ली बैठक



कलेक्टर आशीष तिवारी के मार्गदर्शन में आगामी 28 मार्च से 30 मार्च तक साधुराम हाई स्कूल परिसर में जिला स्तरीय पुस्तक मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले के सफल आयोजन के लिए जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर ने अशासकीय विद्यालयों के संचालकों और प्रमुख बुक सेलर्स के साथ एक विशेष समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान सीईओ श्रीमती कौर ने निर्देश दिए कि इस मेले का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि जिले के अधिक से अधिक विद्यार्थी और पुस्तक प्रेमी इसका लाभ उठा सकें। उन्होंने निजी स्कूल संचालकों से अपील की कि वे छात्र-छात्राओं को मेले में आने के लिए प्रोत्साहित करें, जिससे उनमें पठन-पाठन की संस्कृति विकसित हो सके। सीईओ श्रीमती कौर ने पुस्तक विक्रेताओं (वेंडर्स) से चर्चा कर मेले में आवश्यक सुविधाओं के संबंध में जरूरी दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी राजेश अग्रहरी, सहायक संचालक सुश्री धनश्री जैन, जिला परियोजना समन्वयक प्रेमनारायण तिवारी आदि मौजूद रहे।

---

## रेत का अवैध परिवहन करते 4 वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

बड़वारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रेत का अवैध परिवहन करते चार डंपरों को जब्त किया है। पुलिस द्वारा पकड़े गये चार वाहनों में से तीन पर राजनीतिक पार्टी का कमल का फूल बना पाया गया है। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि बसाड़ी और संकरीगढ़-सलना मार्ग के बीच बड़े पैमाने पर अवैध रेत का परिवहन किया जा रहा है।

थाना प्रभारी के नेतृत्व में गठित टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों बसाड़ी गांव में वाहन क्रमांक MP 21 G 0960 और MP 21 G 2886 को रोककर जाँच की गई। चालक से रेत परिवहन संबंधी कागजात मांगे गये लेकिन चालक कोई भी वैध दस्तावेज या रॉयल्टी रसीद पेश नहीं कर सका। इसी तरह



पुलिस ने वाहन क्रमांक MP 21 G 0775 और MP 21 G 1337 को पकड़ा। यहाँ भी अवैध रूप से रेत का परिवहन किया जा रहा था। रेत के अवैध परिवहन पर कार्यवाही से बचने के लिये चार डंपरों में से तीन पर कमल चिन्ह बना हुआ था। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि खनन माफिया पुलिस और प्रशासन की कार्रवाई से बचने के लिए अक्सर अपने वाहनों पर राजनीतिक दलों के प्रतीकों का इस्तेमाल करते हैं, ताकि चेकिंग के दौरान उन पर दबाव बनाया जा सके। पुलिस की पूछताछ में यह बात सामने आई है कि ये चारों वाहन खैरभार खदान से रेत भरकर कटनी शहर की ओर जा रहे थे। पुलिस ने सभी डंपरों को जब्त कर थाना परिसर में खड़ा करवा दिया है। मामले में संबंधित धाराओं के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई है और अग्रिम कार्रवाई के लिए खनिज विभाग को प्रतिवेदन भेजा जा रहा है।

---

### बड़वारा में विधिक साक्षरता शिविर कल

**कटनी**। शनिवार 28 मार्च को ग्राम पंचायत बड़वारा के पंचायत भवन में सुबह 11 बजे से एक विशाल विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य आम जनमानस, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं, श्रमिकों, वरिष्ठ नागरिकों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारी, लीगल एड डिफेंस काउंसिल और विभिन्न शासकीय विभागों के अधिकारी उपस्थित रहकर जनता की समस्याओं का निराकरण करेंगे। शिविर में विधिक परामर्श अनुभवी अधिवक्ताओं द्वारा मौके पर ही निःशुल्क कानूनी सलाह प्रदान की जाएगी।

---

## कैमोर में 15 करोड़ से आईटीआई भवन, हॉस्टल सहित क्वार्टर का होगा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को रोजगारमुखी कौशल शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से विजयराघवगढ़ विधानसभा के कैमोर नगर में विधायक संजय पाठक के प्रयासों के बाद दो वर्ष पहले विधानसभा के तीसरे औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई ) को प्रारंभ किया गया था जोकि अभी अस्थाई रूप से खलवारा बाजार में प्राइवेट बिल्डिंग में चल रहा है कुछ माह पहले विधायक संजय पाठक ने भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से भेंट कर कैमोर आईटीआई के नई बिल्डिंग के निर्माण सहित छात्रावास भवन के राशि स्वीकृत करने का आग्रह किया था। आज के औद्योगिक विकास के युग में उद्योगों को कौशल कला जानने वाले कामगारों की आवश्यकता होती है इसी सोच से प्रारंभ कराए गए आईआईटी के लिए अब शासन स्तर से कैमोर में आइटीआइ भवन , छात्रावास भवन बनाने के लिए 15 करोड़ 28 लाख रुपए का बजट जारी किया है।

#### विधायक पाठक ने सीएम का जताया आभार

भवन निर्माण के लिए राशि स्वीकृत होने पर विधायक संजय पाठक ने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से उन्होंने विजयराघवगढ़ क्षेत्र के लिए जब जब उन्होंने जो मांगा है वह उपलब्धि मिली है, विधानसभा में विजयराघवगढ़, बरही ,कैमोर में 3 आईटीआई चल रहे बरही एवं विजयराघवगढ़ में नए भवन छात्रावास भवन पहले ही बन गए है अब कैमोर में भी आईटीआई भवन एवं छात्रावास भवन बनने से युवाओं के कौशल उन्नयन के लिए 6 अलग-अलग ट्रेड्स में प्रशिक्षण दिया जा सकेगा। छात्रावास भवन बनने से ग्रामीण क्षेत्रों और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से आने वाले छात्रों को लाभ मिलेगा। नया छात्रावास छात्रों पर वित्तीय बोझ कम करेगा और उन्हें अपनी पढ़ाई पर अधिक ध्यान केंद्रित करने में सक्षम बनाएगा। इसके साथ ही टीचर्स और स्टाफ आदि के रहने के लिए क्वार्टर बनना है ।

---

### मां आदिशक्ति की पूजा अर्चना कर श्रद्धालुओं ने मांगा सुख समृद्धि का आशीर्वाद

## अष्टमी पर मातारानी को अठवाई का लगाया भोग, मंदिरों में उमड़ी आस्था की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

चैत्र नवरात्र पर्व की अष्टमी तिथि पर देवी मन्दिरो में भारी भीड़ पूजा अर्चना व दर्शनार्थ के लिए पहुँची।अष्टमी तिथि पर महागौरी की पूजा अर्चना करने भोर होते ही देवी-देवालयों मैं भक्तो का सैलाब उमड़ा। मातारानी को जल अर्पित कर अठवाई चढ़ाई व पूजा अर्चना कर परिवार की खुशहाली के लिए सुख समृद्धि की कामना की गई।देवी मन्दिरो मैं सुबह से लेकर शाम तक विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए। भक्तो के द्वारा देवी भगत, संकीर्तन पाठ,भजन मंडलियों के द्वारा रामायण पाठ सहित विविध धार्मिक कार्यक्रम किये गए।

#### भक्तो ने की दंडवत यात्रा

अष्टमी तिथि पर लोगो के द्वारा अपनी मन्नतों को लेकर व मन्नत पूरी होने पर ढोल-नगाड़ों की धुन के साथ देवी भगत



गायन के बीच दंड यात्रा भरी गई।वही शुक्रवार को नवमी तिथि पर देवी मन्दिरो में बोए गए ज्वारो को विसर्जित किया जाएगा जिसके लिए ज्वारा जुलूस निकलेंगे जिसमे भक्तो के द्वारा विविध प्रकार की कलाकृतियां पेश की जाएगी।

#### महाआरती कर कल्याण की कामना

अष्टमी तिथि पर स्लीमनाबाद के सिंहवाहिनी मन्दिर, चंडी माता मंदिर, शारदा मंदिर ,बड़ी माई मंदिर व बहोरीबंद के प्रसिद्ध तिंगवा स्थित शारदा मंदिर, पहरुआ स्थित टिंशन माता मंदिर व खडरा स्थित शारदा मंदिर मे दिनभर पूजा अर्चना का दौर चला।वही देवी मन्दिरो के साथ घरो में शारदेय नवरात्र पर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन हो रहा है। मंदिरों को रंग बिरंगी लाइटिंग से सजाया गया। खरखरी दुर्गोत्सव समिति में गुरुवार को महाआरती का आयोजन किया गया।जहां महाआरती कर विश्व कल्याण की कामना की गई।

#### जगतजननी की भक्ति मैं लीन श्रद्धालु, हो रहे धार्मिक आयोजन

जगत जननी आदिशक्ति की पावन भक्ति का पर्व चैत्र नवरात्र चल रहा है जहां भोर होते ही देवी-देवालयों में जल अर्पित करने, पूजा अर्चना करने भक्तो की भीड़ उमड़ रही है।पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की जा रही है।देवी मन्दिरो में सुबह से लेकर शाम तक विविध धार्मिक कार्यक्रम हो रहे है।भक्तो के द्वारा देवी भगत, संकीर्तन पाठ,भजन मंडलियों के द्वारा रामायण पाठ सहित विविध धार्मिक कार्यक्रमहो रहे है। वही तहसील क्षेत्र के विभिन्न ग्रामो में चैत्र नवरात्र की पंचमी पर देवी प्रतिमा विराजित की गईं है जहाँ अब दसमी तिथि तक भक्त मातारानी की भक्ति में लीन रहेंगे। ग्राम खरखरी नं. 2 में विधि-विधान के साथ माँ दुर्गा की प्रतिमा को विराजित किया गया जहाँ सुबह-शाम मातारानी की भव्य आरती की जा रही है। दिन में भजन संकीर्तन ओर देवी गीत हो रहे है।

क्षेत्र के प्रसिद्ध खड़रा स्थित शारदा मंदिर, पहरुआ स्थित टिंशन माता मंदिर,स्लीमनाबाद स्थित सिंहवाहिनी मंदिर मे भक्तो का तांता लग रहा है।चैत्र नवरात्र के अनुष्ठान जारी है।इन देवी मन्दिरो में 40 मनोकामना कलश स्थापित किए हैं। स्लीमनाबाद स्थित चंडी मंदिर में सुबह -शाम आरती होने के साथ देवी भागवत नवाहयज्ञ हो रहा है। भजन मंडली भजन पेश कर रही हैं। रोजाना बड़ी संख्या में भक्त पूजा अनुष्ठान के लिए आ रहे हैं।खड़रा स्थित शारदा मंदिर में चैत्र नवरात्र के अनुष्ठान आयोजित किए जा रहे हैं। भक्तों ने मनोकामना ज्योति कलश स्थापित किए हैं। पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा है। सुबह- शाम आरती एवं भजनों से माहौल धर्ममय है।वही पहरुआ स्थित टिंशन माता मंदिर में अष्टमी को हवन पूजन किया जाएगा।श्रीराम नवमी के उपलक्ष्य में महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा।वही देवी मन्दिरो के साथ घरो में चैत्र नवरात्र पर घट स्थापना के साथ विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन हो रहा है।मंदिरों को रंग बिरंगी लाइटिंग से सजाया गया है।

---

## रामनवमी पर आविर्भाव समारोह 27 मार्च को भरभरा आश्रम में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

श्रीरामनवमी के पावन अवसर पर "आविर्भाव" सांस्कृतिक समारोह का आयोजन दिनांक 27 मार्च, 2026 को सायं 6:30 बजे से शिव मंदिर, भरभरा आश्रम, जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा (कटनी) में किया जाएगा। जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर के निर्देश पर तैयारी एवं आवश्यक व्यवस्थाओं तथा कार्यक्रम के सफल सुचारू संचालन हेतु जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के सीईओ यजुवेंद्र कोरी ने जनपद स्तरीय अधिकारियों कर्मचारियों को अलग अलग दायित्व सौंपे हैं। अवगत होवे कि यह आयोजन श्रीरामचंद्र पथ गमन न्यास, संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन, कटनी के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। यह सांस्कृतिक संध्या कला के विविध अनुशासनों में भगवान श्रीराम की महिमा को समर्पित एक विशेष प्रस्तुति होगी।

कार्यक्रम का शुभारंभ लोक गायन (बुंदेली) से होगा, जिसमें भगवानदास अहिरवार एवं उनके साथी कलाकार (जबलपुर) लोकधारा के माध्यम से प्रभु श्रीराम की महिमा का भावपूर्ण गुणगान प्रस्तुत करेंगे। इसके पश्चात नृत्य नाटिका "पुरुषोत्तम श्रीराम" की आकर्षक प्रस्तुति डॉ. श्यामा पांडे एवं उनके साथी कलाकार (भोपाल) द्वारा दी जाएगी, जिसमें मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों को नृत्य के माध्यम से सजीव किया जाएगा। समारोह की अंतिम प्रस्तुति भक्ति गायन के रूप में नितेश सिंह एवं उनके साथी कलाकार (बुरहानपुर) द्वारा दी जाएगी, जो संपूर्ण वातावरण को भक्ति रस से ओतप्रोत कर देगी।

## खबर संक्षेप



### बड़ी और छोटी माता मंदिर में दर्शन करने उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

**सिलौंडी**। सिलौंडी गांव के बीचों बीच प्राचीन बड़ी मढिया का माता मंदिर में इन दिनों नवरात्रि पर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। सुबह-शाम भक्तजन माता के दरबार में पहुंचकर माथा टेक रहे हैं और मातारानी का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। नवरात्रि के पावन दिनों में मंदिर परिसर में भक्ति और आस्था का वातावरण बना हुआ है। श्रद्धालुओं ने बताया सिलौंडी में बड़ी मढिया ,छोटी मढिया ,राम बाग के खेरमाता, कटी खेड़ा खेरमाता सहित भारत नगर में दो स्थानों में मां देवी का मंदिर है पुरानी परंपराओं का निर्वहन करते हुए आज भी नवरात्रि के दौरान मंदिर में जवारें बोए जाते हैं। श्रद्धालु माता को अठवाई प्रसाद अर्पित कर अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हैं। मान्यता है कि माता के दरबार में सच्चे मन से की गई प्रार्थना अवश्य पूर्ण होती है। बड़ी मढिया में शर्मा परिवार अपनी पांच पीढ़ियों से माता रानी की सेवा करता आ रहा है। छोटी मढिया में श्रीवास्तव परिवार भी अपनी पांच पीढ़ियों से मां की सेवा कर रहा है सिलौंडी अनेक जगह पर मां का दीवाल है जहा पर परिवार का हर सदस्य चाहे वह किसी भी जगह जाकर निवासरत हो वह नवरात्र की अष्टमी को जरूर आता है और माता रानी की पूजा करता है ।

### पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त स्टॉक, प्रशासन सतर्क

**कटनी**। जिले में पेट्रोल एवं डीजल की उपलब्धता को लेकर किसी भी प्रकार की कमी नहीं है। सभी पेट्रोल पंपों पर पर्याप्त स्टॉक मौजूद है तथा डिपो से नियमित रूप से आपूर्ति जारी है। जिला प्रशासन द्वारा स्थिति पर सतत निगरानी रखी जा रही है, जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर बुधवार को जिलेभर में एसडीएम एवं खाद्य अधिकारियों द्वारा पेट्रोल पंपों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्टॉक की उपलब्धता, आपूर्ति व्यवस्था एवं प्रति लीटर दरों की भी जानकारी ली गई। एसडीएम बहोरीबंद राकेश चौरसिया ने क्षेत्र के श्याम फिलिंग स्टेशन, सोना पन्ना फिलिंग स्टेशन तथा सत्यसांई भारत गैस एजेंसी का निरीक्षण किया। यहां पेट्रोल एवं डीजल की पर्याप्त उपलब्धता पाई गई। इसी क्रम में एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी ने बस स्टैंड के समीप स्थित प्रकाश फिलिंग स्टेशन का निरीक्षण कर स्टॉक एवं दरों की जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने विजयराघवगढ़ एवं ढीमरखेड़ा के एसडीएम को भी अपने-अपने क्षेत्रों में पेट्रोल पंपों एवं गैस एजेंसियों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में ईंधन की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है। भविष्य में भी इसकी निरंतरता बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

### आवारा श्वानों को पकड़ कर एबीसी सेंटर भेजा गया

**कटनी**। नगर निगम प्रशासन द्वारा नागरिकों की सुविधा एवं सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आवारा मवेशियों एवं श्वानों को पकड़ने की कार्यवाही लगातार जारी है। इस अभियान के तहत निगम की हांका टीम सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत दिवस फारेस्टर प्लेग्राउंड, एमजीएम अस्पताल के सामने, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, कलेक्ट्रेट कार्यालय के आसपास, जालपा मंदिर पहुंच मार्ग तथा लखेरा मुख्य मार्ग सहित शहर के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान घुमंतू मवेशियों (गाय एवं बैल) को पकड़कर वाहन के माध्यम से अमीरगंज स्थित कांजी हाउस भेजा गया। इसी क्रम में कटाएघाट क्षेत्र की कृष्ण धाम कॉलोनी में अभियान चलाकर 6 आवारा श्वानों को पकड़ा गया, जिन्हें एबीसी (एनिमल बर्थ कंट्रोल) सेंटर भेजा गया है।

## तीन सरकारी स्कूलों से चोरी किये थे 8 गैस सिलेण्डर, पुलिस ने सभी किये बरामद

# धरपकड़ : सरकारी स्कूलों से गैस सिलेण्डर चोरी करने वाले बदमाशों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बड़वारा थाना क्षेत्र के सरकारी स्कूलों से गैस सिलेण्डर चोरी करने वाले बदमाशों को गिरफ्तार करने में पुलिस को कामयाबी मिल गई। बदमाशों के पास से पुलिस ने चोरी के गैस सिलेण्डर भी बरामद कर लिये हैं। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया एवं डीएसपी मुख्यालय रत्नेश मिश्रा के मार्गदर्शन में बड़वारा थाना प्रभारी के नेतृत्व में की गई। आरोपीगणों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया



### यहां से चोरी किये थे सिलेण्डर

पुलिस के अनुसार 16.01.2026 को फरियादी श्रीमति राधा रैदास पति सुनील कुमार रैदास द्वारा प्राथमिक शाला अमाड़ी से गैस सिलेण्डर चोरी होने की रिपोर्ट पर पर धारा 331(4),305ए बीएनएस पंजीबद्द किया गया था। इसी प्रकार दिनांक 18.03.2026 को फरियादी संतोष सिहं पिता दुर्जन सिंह बरकड़े द्वारा माथ्यमिक शाला पौड़ी की शासकीय रसोई से 2 नग गैस सिलेण्डर चोरी होने की रिपोर्ट थाना में दर्ज कराई गई थी। इसी प्रकार 21.03.2026 को फरियादी पंकज कुमार राय पिता डोरीलाल राय द्वारा शासकीय माध्यमिक शाला भजिया में शासकीय रसोई से 5 नग गैस सिलेण्ड चोरी हो जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।

### पुलिस ने बदमाशों को दबोचा

उक्त तीनो घटनाओं में चोरी गये गैस सिलेण्डर चोरो की पता तलास कर गिरफ्तार करने हेतु पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी बड़वारा उनि केके पटेल को निर्देशित किया गया था । पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना प्रभारी बड़वारा द्वारा विशेष टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर गैस सिलेण्डर चोरी करने वाले गिरोह को गिरफ्तार किया। पकड़े गये आरोपीगणों में मनोज कुमार उर्फ मन्नू यादव पिता बहोरीलाल यादव 35 साल निवासी ग्राम भजिया हाल रोशन नगर एवं दीपक कुशवाहा पिता स्व.भगवानदास कुशवाहा 24 साल निवासी खिरहनी थाना एनकेजे स्थाई ग्राम खदीया थाना मझौली जिला जबलपुर को गिरफ्तार किया गया।

### आटो किया जब्त, सिलेण्डर बरामद, आरोपितों को भेजा जेल

पूछताछ में आरोपीगणों द्वारा बताया गया कि वह रात्रि में ऑटो क्र. एमपी 21 आर 1639 से विभिन्न स्थानो से गैस सिलेण्डर चोरी करते थे । घटना में संलिप्त अपचारी बालक को अभिरक्षा लिया गया है । उक्त आरोपीगणों से चोरी गये कुल 08 गैस सिलेण्डर बरादम किये गये । साथ ही घटना में प्रयुक्त वाहन ऑटो भी जप्त की गई । गिरप्तार शुदा आरोपीगणों को न्यायालय पेश किया गया एवं विधि विरुद्ध अपचारी बालक को किशोर न्यायालय कटनी में पेश किया गया ।

### कार्यवाही में इनकी रही भूमिका

इस कार्यवाही में थाना प्रभारी उनि केके पटेल, उनि व्ही एस जायसवाल, सउनि सतेन्द्र सिंह, प्रधान आरक्षक नितेश डोंगरे, सायबर सेल से आरक्षक अमित श्रीपाल, आरक्षक गौरीशंकर राजपूत, आरक्षक शिवप्रकाश तिवारी, आरक्षक सुरेन्द्र सिंह ठाकुर, आरक्षक बृजलाल प्रजापति एवं ग्राम रक्षा समिति सदस्य कमलेश निषाद की विशेष भूमिका रही ।



## जागरूकता की कमी, 11 शिविरों में 71 बालिकाओं को ही लगी वैक्सीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर) की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग के द्वारा इन दिनों एचपीवी टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्लीमनाबाद द्वारा भी जगह -जगह शिविर आयोजित किये जा रहे। बुधवार को हाई स्कूल स्लीमनाबाद में एचपीवी टीकाकरण शिविर लगाया गया जहाँ महज एक छात्रा को ही एचपीवी वैक्सीन लगा जिससे शिविर महज दिखावा बनकर रह गया। मिली जानकारी के मुताबिक स्लीमनाबाद में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से 7 मार्च को एचपीवी वैक्सीन अभियान की शुरुआत हुई जिसमें अब तक स्लीमनाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमले के द्वारा 11 शिविर आयोजित किये जा चुके है, जिसमें महज 71 बालिकाओं को ही एचपीवी वैक्सीन लगा है।

स्लीमनाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधिकारी डॉ शिवम दुबे ने अभिभावकों से आग्रह किया कि एचपीवी वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित, प्रभावी और वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित है। इसलिये सभी पालक व अभिभावक अपनी 14 से 15 वर्ष की बेटियों को यह सुरक्षा कवच जरूर दिलाये। सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाला एक गंभीर रोग है और भारत में महिलाओं में होने वाले कैंसरों में यह प्रमुख कारणों में से एक है। उन्होंने कहा कि एचपीवी टीके की एक सिंगल डोज से इस कैंसर के खतरे को काफ़ी हद तक कम किया जा सकता है। इसलिए 14 वर्ष से 15 वर्ष 3 माह आयु वर्ग की सभी किशोरी बालिकाओं को यह टीका अवश्य लगवाना चाहिए।

*राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद की बैठक में पत्रकारों के विभिन्न मुद्दों पर हुआ गहन मंथन*

## पत्रकारों की सुरक्षा एवं पहचान को पुख्ता करने पुलिस व प्रशासन को सौंपी गई सूची

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद की बैठक स्थानीय शहीद स्मारक भवन में आयोजित की गई। बैठक में संगठन की मजबूती, पत्रकारों के हितों की रक्षा और पत्रकारिता की गरिमा को बनाए रखने के लिए तीन प्रमुख बिंदुओं पर गहन विचार-विमर्श किया गया। बैठक संभागीय पदाधिकारी भारत भूषण श्रीवास्तव की अध्यक्षता एवं जिला अध्यक्ष गोपाल सिंघानिया के मार्गदर्शन में संपन्न हुई जिसमें जिले के अनेक पत्रकार साथी सम्मिलित हुए। बैठक के दौरान परिषद ने महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर अपनी सहमति जताई तदुपरांत कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को मांग पत्र सौंपा गया।



राष्ट्रीय कार्यकारिणी के पूर्व निर्णय के अनुसार, परिषद के विस्तार के लिए हर जिले में एक समर्पित कार्यालय होना अनिवार्य है। कटनी जिले में परिषद के कार्यालय की स्थापना हेतु चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि कार्यालय हेतु स्थान आवंटन की मांग को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।

पत्रकारों की सुरक्षा और पहचान को पुख्ता करने के लिए परिषद के सभी सक्रिय सदस्यों की सूची कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और जनसंपर्क विभाग को सौंपी गई। इससे प्रशासन और पत्रकारों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा और फर्जीवाड़े पर लगाम लगेगी।

वर्तमान में पत्रकारों को लेकर समाज में फैलाई जा रही दुविधाओं और विभिन्न विवादों पर परिषद ने कड़ा रुख अपनाया है। संगठन ने स्पष्ट किया कि वास्तविक पत्रकार वही है जो धरातल पर उतरकर जनता के ज्वलंत मुद्दों को गंभीरता से उठाता है। यदि उसकी संस्था और संबंधित संगठन उसे पत्रकार मानते हैं, तो परिषद को भी वह स्वीकार है। साथ ही, परिषद ने यह भी साफ कर दिया कि किसी भी व्यक्ति या स्वघोषित संगठन द्वारा निजी हितों के लिए 'पत्रकार' चिन्हित करने की प्रक्रिया का राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद कतई समर्थन नहीं करेगी।

बैठक में अजय त्रिपाठी, कृपानंद तिवारी, संतोष उपाध्याय, राजेन्द्र राठौर, मनोज प्यासी, प्रमोद खमपरिया, संजीव श्रीवास्तव, अनिरुद्ध बजाज, पुष्पेंद्र मोदी, राजेश सिंघई, अरविन्द गुप्ता, प्रकाश जैन, सुनील रावत, अशोक अग्रवाल, संतोष गुप्ता, संदीप शर्मा, आशीष दुबे, विकास श्रीवास्तव, अनुज कोरी, हंसराज सिंह मौजूद रहे।

## जैविक विधि से फसल प्रबंधन का दिया तकनीकी प्रशिक्षण



शासकीय महाविद्यालय विजयराघवगढ़ में स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को प्राचार्य डॉ अरुण कुमार सिंह के मार्गदर्शन में जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत कम लागत तकनीकी जीरो बजट फार्मिंग का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में फसल प्रबंधन के अंतर्गत विद्यार्थियों को बताया गया कि फसल प्रबंधन वह वैज्ञानिक प्रक्रिया है, जिसमें भूमि, बीजपोषण, सिंचाई, कीट एवं रोग नियंत्रण, खरपतवार प्रबंधन तथा कटाई और भंडारण तक की संपूर्ण प्रक्रियाएं सम्मिलित होती हैं। जैविक कृषि के संदर्भ में फसल प्रबंधन और भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है, क्योंकि यहां रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के स्थान पर प्राकृतिक विधियों का प्रयोग किया जाता है। जिससे मिट्टी, जल, वायु और संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र का संतुलन बना रहता है। प्रशिक्षण में फसल प्रबंधन के मुख्य उद्देश्य के अंतर्गत उच्च उत्पादन सुनिश्चित करना, गुणवत्ता में सुधार, लागत में कमी, मिट्टी की उर्वरता बनाए रखना, कीट एवं रोग नियंत्रण, कृषि को टिकाऊ बनाने की जानकारी दी गई। बताया गया कि फसल प्रबंधन के मुख्य घटक के अंतर्गत भूमि की तैयारी, बीज चयन, बीज उपचार बुवाई की तकनीक, पोषण प्रबंधन, सिंचाई प्रबंधन, कीट एवं रोग प्रबंधन, खरपतवार प्रबंधन, फसल चक्र एवं बहुफसली कृषि प्रणाली एवं कटाई तथा भंडारण का तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही फसल प्रबंधन के महत्व के अंतर्गत कृषि उत्पादन में वृद्धि, पर्यावरण संरक्षण, आर्थिक लाभ, मिट्टी की उर्वरता में सुधार, पोषण सुरक्षा तथा टिकाऊ कृषि प्रणाली की जानकारी दी गई।

## 24 लाख की धोखाधड़ी के मामले में दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

जमीन बेचने के नाम पर धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। यह कार्यवाही वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश एवं मार्गदर्शन में थाना प्रभारी ढीमरखेडा अभिषेक चौबे के नेतृत्व में की गई।



पुलिस के अनुसार प्राथी रणजीत पटेल पिता घासीराम पटेल निवासी ग्राम बरेली ने रिपोर्ट की थी कि आरोपी दिलीप दुबे, मनीष पांडे,मुकुंदी पटेल, मुकेश पटेल के द्वारा मिलकर फरियादी के साथ महर्षि महेश योगी संस्थान की जमीन विक्रय के नाम पर 24 लाख 52 हजार रुपये की धोखाधड़ी की गई। प्रार्थी रणजीत पटैल की रिपोर्ट पर थाना ढीमरखेडा में अपराध कभाक 63/26 धारा 318(2),318 (4).319 (2),336 (3) 61 (2) बीएनएस का प्रकरण उक्त आरोपियों के विरुद्ध पंजीबद्ध कर आरोपियों की तलाश पतासाजी की गई। दिनांक 26.03.26 को आरोपी मुकेश पटेल के द्वारा एस.आर.एम. फाउंडेशनऑफ इण्डिया के नाम से फर्जी बैंक खाता खुलवाया गया था जो उक्त अपने खुलवाये गये फर्जी बैंक खाते से आरोपी मनीष पांडे, दिलीप दुबे द्वारा अपने खाता में पैसा टांसफर कर लिया जाता था आरोपी मुंकूदी पटैल के नाम से भी आरोपी मुकेश पटेल द्वारा फर्जी बैंक खाता खुलवाया था जिससे मनीष पांडे दिलीप दुबे अपने बैंक खातो में पैसा ट्रांसफर कराया जाता था। आरोपी मुंकुदी पटैल पिता पुन्नूलाल नि. हरदुआ कलां थाना विजयराघवगढ़ एंव मुकेश पटैल पिता कुंजीलाल पटेल नि जागृति कॉलोनी थाना एनकेजे को गिरफतार कर न्यायालय पेश किया गया है जो न्यायालय द्वारा जेल भेजा गया। प्रकरण में आरोपी मनीष पांडे एवं दिलीप दुबे फरार हैं। कार्यवाही में थाना प्रभारी निरी. अभिषेक चौबे, उनि सुरेश चौधरी,सउनि जयपाल सिंह,प्र.आर. सुब्बचन यादव, आर. पंकज सिंह, आर. देवेन्द्र अहिरवार, आर. डुमनदास, आर. गंर्धव सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

*जन अभियान परिषद द्वारा कन्हवारा में किया गया आयोजन*

## जल संरक्षण एवं जल स्रोतों के संवर्धन के लिए रैली निकाल किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

म.प्र. जन अभियान परिषद विकासखंड कटनी के सेक्टर क्रमांक 3 कन्हवारा के ग्राम कन्हवारा में जल गंगा संवर्धन अभियान के प्रथम चरण जल शक्ति से नव भक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कन्हवारा, और नवांकुर संस्था बारडोली वेलफेयर सोसायटी के साथ और मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के परामर्शदाता रामानुज पांडेय के सहयोग से जल शक्ति से नव भक्ति सुरक्षित जल, समृद्ध कल के अंतर्गत जागरूकता का संदेश देने के लिए ग्राम वासियों के सहयोग से जल एवं जल स्रोतों के संरक्षण और संवर्धन की जागरूकता हेतु कलश





यात्रा और जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। उत्साह के साथ कलश यात्रा और जागरूकता रैली ग्राम के चौक से प्रारंभ होकर ग्राम भ्रमण करती हुई वीरासनी माई मंदिर में समाप्त हुई।

रैली में जल बचाओ, जीवन बचाओ। जल है तो कल है ,जल बचाना सरल है। जल नहीं बचाओगे, तो प्यासे रह जाओगे। दादा दरी दादी करें पुकार, जल बचाओ बारंबार।जैसे उद्घोष के साथ जल संरक्षण का संदेश दिया गया। कलश यात्रा और जागरूकता रैली के समापन के पश्चात खेर माई मंदिर परिसर में ग्राम की महिलाओं एवं पुरुषों के द्वारा देवी भजनों की प्रस्तुति की गई।

परामर्श दाता रामानुज पांडे के द्वारा मंदिर परिसर में उपस्थित ग्राम वासियों को जल गंगा संवर्धन अभियान के प्रथम चरण में 27 मार्च तक आयोजित की जाने वाली विभिन्न कार्यक्रमों और गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए सभी को अधिकतम वर्षा जल को संरक्षित करते हुए जल स्त्रोतों के संवर्धन में अपनी सहभागिता देने के लिए प्रेरित किया।

प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष जितेंद्र नामदेव सचिव अतुल पांडे के द्वारा विगत दिनों से आयोजन की तैयारी करते हुए ग्राम की महिलाओं एवं पुरुषों के सहयोग से कलश की सजावट करते हुए कलश यात्रा के लिए तैयार किया। साथ ही समस्त ग्राम वासियों को जल गंगा संवर्धन का महत्व बताते हुए कार्यक्रम के लिए मानसिक रूप से तैयार किया और उन्हें शामिल होने के लिए सूचना प्रदान करते हुए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण की।

## रामनवमी पर मंदिरों में होंगे विविध धार्मिक कार्यक्रम

# 5 शुभ योगों में आज मनाया जाएगा रामलला का जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

चैत्र नवरात्र के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को श्री हरि विष्णु के सातवें अवतार भगवान श्रीराम का अवतरण दिवस मनाया जाएगा। इस बार रामनवमी का पर्व कई शुभ संयोगों से युक्त होगा।पंडित रमाकान्त पौराणिक ने बताया की ग्रह नक्षत्रों के मेल से इस बार वैसा ही संयोग बन रहा है, जिन योगों व नक्षत्रों में त्रेता युग में भगवान श्रीराम का जन्म हुआ था।इस बार रामनवमी 27 मार्च को5 शुभ योग में मनाई जाएगी। रामनवमी पर इस बार रवि पुष्य योग के साथ रवि योग, सर्वार्थ सिद्धि योग का निर्माण के साथ गजकेसरी योग का निर्माण हो रहा है।राम नवमी के दिन इन पांचों योग के होने से श्रीराम की पूजा का शीघ्र फल मिलेगा। इस दिन किए कार्यों में सफलता प्राप्त होगी।



पंचांग के अनुसार चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि पर रामलला की पूजा का मुहूर्त कुल ढाई घंटा रहेगा। पूजा का शुभ मुहूर्त सुबह 11 बजकर 13 मिनट से शुरू होकर दोपहर 1 बजकर 41 मिनट तक रहेगा. तो वहीं रामनवमी मध्याह्न का क्षण दोपहर 12 बजकर 27 मिनट का है इसलिए अभिजीत मुहूर्त मैं रामलला का जन्मोत्सव कर्क लगन व पुनर्वसु नक्षत्र में दोपहर 12 बजे अभिजीत मुहूर्त मैं मनाया जाएगा।

पंडित दिलीप त्रिपाठी ने बताया की चैत्र शुक्ल की नवमी के दिन रामनवमी के साथ ही नवरात्रि का नवम दिन होने के चलते इस दिन मां सिद्धिदात्री की भी पूजा की जाती है। साथ ही कन्या पूजा भी की जाती है।रामनवमी की पूजा करने के लिए भगवान राम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमानजी की मूर्तियों को चौकी पर सजाएं। सभी पर जल और पंचामृत चढ़ाएं। अब सभी पर चंदन, रोली और फूल चढ़ाएं, इसके बाद धूप-दीप जलाएं। अब मौसमी फल चढ़ाएं और नैवेद्य लगाएं। पूजा सामग्री को श्रीराम के समक्ष अर्पित करने के बाद आरती करें और मंत्रों का जाप करें. श्रीरामचरितमानस की चौपाइयों का पाठ करना भी इस दिन बेहद शुभ माना जाता है।

भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जन्मोत्सव को लेकर स्लीमनाबाद तहसील क्षेत्र के मंदिरों में तैयारियां शुरू हो गई। स्लीमनाबाद नगर के श्रीराम मंदिर, श्रीराम कुटी,बाबा हरिदास ब्रजधाम, सिंहवाहिनी मंदिर, दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर,बाबा गढ़ धाम मैं रविवार को हर्षोल्लास पूर्वक रामलला का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। वही जगदीश पुरी खिरहनी व कौड़िया स्थिति श्रीराम जानकी मंदिर मे रामलला का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगाऔर लघु वृंदावन धाम बांधा इमलाज मैं भी रामजन्मोत्सव आयोजन भव्यता के साथ मनाया जाएगा।जिसकी तैयारिया पूर्ण हो गई है।

### संध्या मरकाम को मिली पीएचडी की उपाधि

**बड़वारा**। ग्राम महगवां (भजिया) निवासी डॉ संध्या मरकाम को पीएचडी पूर्ण होने पर APSU रीवा द्वारा उपाधि प्रदान की गई। उनका शोध शीर्षक जलीय एसिटिक अम्ल माध्यम में एन-क्लोरोसुसिनिमाइड द्वारा कुछ सुगंधित हाइड्रॉक्सी अम्लों के उत्प्रेरित ऑक्सीकरण पर अध्ययन रहा। इस शोध कार्य को स्व.प्रो.डॉ एच. पी.द्विवेदी के मार्गदर्शन में पूर्ण किया गया एवम प्रो. डॉ आर. एन. पटेल (विभागाध्यक्ष) का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।डॉ संध्या मरकाम सेवानिवृत्त पटवारी मानसिंह मरकाम की सुपुत्री एवम लोटन सिंह की पुत्रवधु तथा हुकुम सिंह वरकड़े मा.शि. की धर्मपत्नी हैं। इस उपलब्धि के लिए शुभचिन्तकों ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।





## कक्षा 5वीं एवं 8वीं में शारदा मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

शिक्षा विभाग द्वारा कक्षा पांचवी आठवीं का रिजल्ट घोषित किया गया है जिसमें तहसील स्तर पर प्रथम स्थान शारदा मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल बड़वारा का रहा है आठवीं कक्षा में प्रथम स्थान साक्षी तार्किहार ने 95.3 प्रतिशत अंक प्राप्त की इसी प्रकार आदर्श कुमार श्रीवास कक्षा आठवीं में 91% अंक प्राप्त किया है आकृति शर्मा 90.5 प्रतिशत अंक, तनीषा गुप्ता 89.6% अंक, निहित निगम 88.6 % अंक प्राप्त किया है, इसी प्रकार कक्षा पांचवी में अनन्या रघुवंशी 92.75% अंक प्राप्त किया , स्वाति कुमारी यादव , अक्षिता निगम ने 86.25% अंक प्राप्त की है संजना केवट ने 81.25% अंक प्राप्त की है , पार्थ कोरी 80.75 अंक प्राप्त किए है। छात्र छात्राओं की शानदार उपलबद्धि पर विद्यालय के प्राचार्य सतीश द्विवेदी एवम विद्यालय के स्टाफ तथा छात्र छात्राओं के पालकों ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

